## महत्वपूर्ण एवं खास

### नाली में गिरी गाय को नगर निगम की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला

**रायपुर (आरएनएस)।** नगर पालिक निगम जोन नम्बर 9 के तहत कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड नम्बर 7 के दलदल सिवनी क्षेत्र के रहवासियों ने नाली में एक गाय के अचानक गिर जाने की जानकारी नगर पालिक निगम रायपुर को दी. इस जानकारी को तत्काल संज्ञान में लेकर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा द्वारा दिये गए आदेशानुसार नगर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के निर्देश पर नगर निगम जोन 9 स्वास्थ्य विभाग की काऊ कैचर टीम काऊ कैचर वाहन लेकर जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू, स्वच्छता निरीक्षक महेंद्र कलिहारी, स्वच्छता पर्यवेक्षक भोला तिवारी की उपस्थिति में तत्काल सम्बंधित नाली के स्थल पहुंची एवं नाली में अचानक गिरी गाय को काऊ कैचर टीम की सहायता से सुरक्षित बाहर निकाल लिया. दलदल सिवनी आवासीय क्षेत्र के रहवासियों द्वारा नाली में अचानक गिरी गाय को बाहर सुरक्षित निकाले जाने के इस कार्य को लेकर नगर निगम जोन क्रमांक 9 के स्वास्थ्य विभाग की काऊ कैचर टीम की सराहना की गयी.

### निलंबित आईएएस विश्नोई आज कोर्ट में होंगे पेश

**रायपुर (आरएनएस)।** ईओडब्ल्यू आज निलंबित आईएएस विश्नोई को कोर्ट में पेश करने प्रोडक्शन वारंट जारी किया है। इस पर तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश दिनेश यादव की कोर्ट में सुनवाई होगी। बता दें कि प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनने के बाद लगातार घोटाले बाजों पर कार्रवाई कर रही है। शराब से लेकर कोयला, मिलिंग सहित कई मामले पर संज्ञान लेकर आरोपियों को गिरफ्तार कर रही है। बतादें कि छत्तीसगढ़ के चर्चित कोयला घोटाला को लेकर ईडी की माने तो छत्तीसगढ़ में 508 करोड़ रुपए से ज्यादा का कोयला घोटाला हुआ है। यह घोटाला साल 2020 से 2022 तक किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने अब तक इसके खुलासे के लिए अब तक सैकड़ों जगह छापेमारी करने के बाद मामले में 10 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें बड़े बड़े अधिकारी भी शामिल हैं। इन सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद उन्हें जेल में भेज दिया गया है। अब इस मामले में राज्य की एसीबी-ईओडब्ल्यू टीम जांच में जुटी हुई है। कोयला घोटाले को लेकर छत्तीसगढ़ के सियासी गलियारों में यह चर्चा बहुत गर्म है कि इस स्कैम में बहुत जल्द कांग्रेस के कुछ दिग्गज नेताओं की गिरफ्तारी हो सकती है। इस मामले में जैसे जैसे केस आगे बढ़ेगा इसमें जुड़े नेता एक एक कर इसके गिरफ्त में आते जाएगें। इसमें कांग्रेस नेता देवेंद्र यादव, आरपी सिंह जैसे दिग्गजों की धडक़ने बढऩे लगी हैं।

### मुख्यमंत्री ने किया मृतकों को 5-5 लाख देने का ऐलान

**रायपुर (आरएनएस)।** खमतराई स्थित एक फोम फेक्ट्री में लगी आग से हुई दो महिलाओं के मौत के मामले में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों के लिए पांच-पांच लाख रुपए आर्थिक सहायता की घोषणा की है। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उन्होंने लिखा है कि रायपुर के खमतराई स्थित एक फोम फैक्ट्री में आग लगने से दो महिला कर्मचारियों की मृत्यु होने का ह्रदय विदारक समाचार मिला है। मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने के आदेश दे दिए गए हैं। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना करता हूँ।

### भीषण गर्मी से कथा सुनने आए वृद्ध की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर के करीब अमलेश्वर के शिव महापुराण कथा सुनने धरसीवा के 70 वर्षी तीरथ राम साहू की लू लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कथा स्थल पर तीरथ राम साहू को अचानक चक्कर आया और वह गिर पड़े उसके साथ जो परिजन थे वह उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र अमलेश्वर ले जाया गया, जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बता दें कि छत्तीसगढ़ में तेज गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने हीटवेब का अलर्ट जारी किया गया है।

# दक्षिण पश्चिम मानसून ने केरल में दी दस्तक

रायपुर । आरएनएस



देश में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच एक बड़ी राहत भरी खबर आ गई है। मौसम विभाग ने दक्षिण पश्चिम मानसून के केरल में प्रवेश करने की अधिकृत पुष्टि करते हुए मानसून आगमन की घोषणा कर दी है। मौसम विभाग ने पहले ही यह पूर्वानुमान जताया था कि इस बार दक्षिण पश्चिम मानसून अपने तय समय से एक-दो दिन पहले ही भारत में प्रवेश कर लेगा।

मौसम विभाग के मुताबिक मानसून अब पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में आगे बढऩे लगा है। चक्रवाती तूफान रेमल की वजह से पहले से ही पूर्वोत्तर भारत में बारिश हुई है, जो अब मानसून के पहुंचने पर बढऩे वाली है।मौसम विभाग ने बताया है कि मानसून इस बार समय से पहले ही केरल पहुंच गया है। इस वजह से केरल में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हो रही है। दरअसल, कुछ दिन पहले ही चक्रवाती तूफान रेमल आया, जिसकी चलते मानसून का फ्लो तेजी के साथ बंगाल की खाड़ी तक पहुंच गया। यही वजह है कि अब पूर्वोत्तर की ओर भी बादल बढऩे लगा है।

इधर मौसम विभाग की माने तो दक्षिण पश्चिम मानसून 5 जून तक पूर्वोत्तर राज्यों में पहुंचेगा। पूर्वोत्तर के राज्य अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, नगालैंड, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर और असम में मानसून के आगमन की सामान्य तिथि पांच जून है। आईएमडी ने कहा, इस अवधि के दौरान दक्षिण अरब सागर के कुछ और हिस्सों, मालदीव, कोमोरिन, लक्षद्वीप के शेष हिस्सों, दक्षिण-पश्चिम और मध्य बंगाल की खाड़ी, उत्तर-पूर्वी बंगाल की खाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढऩे के लिए परिस्थितियां अनुकूल होती जा रही हैं।

### छत्तीसगढ़ में हीट वेव ने ली यातायात आरक्षक भागीरथी कवर की जान

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की रायपुर में तेज धूप और भीषण गर्मी के बीच ड्यूटी कर रहे यातायात आरक्षक भागीरथी कवर का आकस्मिक निधन हो गया। यह दुखद घटना सिलतरा में वीआईपी ड्यूटी के दौरान हुई, जब भागीरथी कवर अचानक चक्कर खाकर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। भागीरथी कवर, जो अपनी कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के लिए जाने जाते थे, अपनी ड्यूटी निभाते हुए इस भीषण गर्मी के शिकार हो गए। इस घटना ने न केवल उनके परिवार और सहकर्मियों को गहरा सदमा पहुंचाया है।

### छत्तीसगढ़ में भी शुरू होगी प्री-मानसून की गतिविधियां

इधर जानकारों की माने तो मानसून के तेजी से आगे बढऩे के साथ ही आंध्रप्रदेश तक पहुंचते ही छत्तीसगढ़ के मौसम पर भी इसका असर दिखना शुरू हो जाएगा। मौसम विभाग ने हालांकि प्री-मानसूनी फुहारों की सटीक जानकारी नहीं दी है। फिर भी यह माना जा रहा है कि मई के प्रथम सप्ताह के खत्म होते-होते याने 7-8 मई से यहां प्री-मानसून शुरू हो सकता है। इस दौरान तेज आंधी-तूफान, गरज-चमक के साथ तेज बौछारें पड़ सकती हैं।

# तीन लुटेरे गिरफ्तार, पुलिस का बड़ा खुलासा

रायपुर । आरएनएस

प्रार्थी के द्वारा थाना आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 26/05/2024 को रात्रि करीब 12:30 बजे पुरानी बस्ती तिल्दा में अपने दोस्त की शादी से अकेले अपने घर नेवरा मोटर सायकल क्रमांक 8582 से वापस जा रहा था। सासाहोली में मिशन अस्पताल के पास पहुँचा था कि तभी सासाहोली का रहने वाला योगेश उर्फ खोरु अपने 02-03 अन्य दोस्तो के साथ इसकी मोटर सायकल को रोक लिये और माँ बहन की गंदी गंदी गाली गुप्तार कर इसे मारपीट करते हुये इसके पेंट जेब में रखे 7000/रू को जबरन लूट लिये और गाड़ी को तोडफ़ोड़ कर दिये। उनके द्वारा मारपीट करने से इसे चोंट लगना तथा योगेश उर्फ खोरु के अन्य साथियो को रोड में बिजली की रोशनी होने से देखना, नाम पता नही जानना, देखकर पहचान लूंगा बताया कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

दौरान विवेचना के प्रार्थी को आयी चोट का मुलाहिजा ष्ट॥ष्ट तिल्दा नेवरा से कराया गया। घटनास्थल निरीक्षण कर नजरी नक्शा तैयार किया गया तथा प्रार्थी व गवाहो से पूछताछ कर कथन लेखबद्ध किया जाकर प्रार्थी के मो.सा. को तोडफ़ोड़ कर क्षति पहुॅचाने के संबंध में नुकसानी पंचनामा तैयार किया गया तथा विवेचना में धारा 341, 427 भादवि का घटित होना पाये जाने से उक्त धारा प्रकरण में जोड़ी गई। प्रकरण के नामजद आरोपी योगेश उर्फ खोरू व उसके अन्य साथी का पतातलाश कर आरोपी योगेश व उसके साथी कैलाश उर्फ सोनू राहूजा एवं गोपाल उर्फ गिरजा शंकर अस्तुरे मिलने पर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किये जिनके मेमो0 कथन लेखबद्ध किया गया।

प्रार्थी से लूट किये रकम 7000 / रू. को आपस में 1000-1000 /रू बंटवारा कर लेना, 2000/रू. की शराब पी लेना शेष रकम को अपनी पेंट जेब में रखी होना जिसे बरामद करा देना स्वीकार किये। आरोपी योगेश उर्फ खोरू कोसले से लूट की शेष रकम 500/ रू तथा हथबंद से चोरी किये बिना नंबर की मोटर सायकल एच.एफ. डीलक्स तथा आरोपी कैलाश उर्फ सोनू राहूजा से लूट की शेष रकम 500 / रू एवं गोपाल उर्फ गिरजा शंकर अस्तुरे से लूट की शेष रकम 500/रू. एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल पल्सर क्र. ष्ट्र 04 ह्रष्ठ 6901 जप्त किया गया। आरोपीगण के खिलाफ अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से विधिवत समय सदर में गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना परिजन को दी गई। मामला अजमानतीय होने व प्रकरण मे विवेचना अपूर्ण होने फरार आरोपी पंकज बंजारे, युवराज कुर्रे की पतातलाश जारी रखतें हुए न्यायिक रिमांड प्रतिवेदन तैयार किया गया है।

**आरोपीगण का नाम पता :-** 01.योगेश उर्फ खोरु कोसले पिता धर्मेन्द्र कोसले उम्र 21 साल साकिन खड़बड़ी रोड वार्ड क्र. 21 सासाहोली थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर (छ0ग0) 02.कैलाश उर्फ सोनू राहूजा पिता विजय राहूजा उम्र 19 साल साकिन वार्ड क्र.02 सासाहोली थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.) 03.गोपाल उर्फ गिरजा शंकर अस्तुरे पिता तेजेन्द्र अस्तुरे उम्र 19 साल साकिन वार्ड क्र. 20 पुरानी बस्ती तिल्दा थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर (छ.ग)

# रिश्वत लेते पकड़ाया जूनियर पासपोर्ट असिस्टेंट ऑफिसर

अंबिकापुर । आरएनएस

अंबिकापुर के पासपोर्ट ऑफिस में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक जूनियर पासपोर्ट असिस्टेंट ऑफिसर को गिरफ्तार किया है। ऑफिसर 8 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ाया है। आरोपी ऑफिसर का नाम संकट मोचन राय बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार दोलंगी ब्लाक रामचंदरपुर जिला बलरामपुर निवासी इसरार अंसारी ने बताया कि पासपोर्ट वेरिफिकेशन के लिए वे एक महीने से अंबिकापुर के प्रधान डाकघर स्थिति पासपोर्ट ऑफिस में जा रहा था। लेकिन पासपोर्ट ऑफिस के जूनियर पासपोर्ट असिस्टेंट ऑफिसर संकट मोचन राय उन्होंने कुछ ना कुछ त्रुटि बता कर एक महीने से पासपोर्ट ऑफिस का चक्कर कटवा रहा था। इस दौरान संकट मोचन राय ने पीड़ित से पांच-पांच हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। इस बीच इसरार और अन्य चार आवेदनकार्ताओं ने इसकी शिकायत एसीबी कार्यालय अंबिकापुर में दर्ज कराई। जिसके बाद गुरूवार को एसीबी अधिकारियों ने दोपहर करीब एक बजे जूनियर पासपोर्ट असिस्टेंट ऑफिसर संकट मोचन राय को 8 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया तथा पुछताछ क लिए अपनी क्स्टडी में लिया है।

# शराब घोटाला मामले में अनवर ढेबर, एपी त्रिपाठी, अरविंद सिंह और त्रिलोक सिंह ढिल्लन को फिर 14 दिनों की न्यायिक रिमांड

रायपुर । आरएनएस

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में अनवर ढेबर, एपी त्रिपाठी, अरविंद सिंह और त्रिलोक सिंह ढिल्लन को गुरूवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां सुनवाई के बाद चारों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार गुरूवार को चारों की 14 दिन की न्यायिक रिमांड खत्म हुई थी, जिसके बाद कोर्ट में पेश किया था। जहां कोर्ट ने फिर से 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

बता दें कि ईडी ने अनवर ढेबर को 2 हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाला का दोषी बताया था तथा पुछताछ के बाद मई महीने में ही अनवर ढेबर को गिरफ्तार किया गया था। ईडी के अनुसार अनवर ढेबर ने साल 2019 से 2022 तक 2000 करोड़ का अवैध धन शराब के जरिए कमाया, जिसे दुबई में अपने साथी विकास अग्रवाल के जरिए खपाया। ईडी की ओर से कहा गया कि अनवर ने अपने साथ जुड़े लोगों को परसेंटेज में पैसे बांटे गये थे। इसके बाद इस मामले में आबकारी विभाग के अधिकारी एपी त्रिपाठी, कारोबारी त्रिलोक ढिल्लन, नितेश पुरोहित और अरुनपति त्रिपाठी को भी गिरफ्तार किया गया था।

# भारतीय जैन संघटना ने दो तालाबों से 1948 ट्रैक्टर मिट्टी निकालकर किया पुनर्जीवित

**जल जगार में निभायी सहभागिता**

धमतरी । आरएनएस

पंचतत्व-आकाश, वायू, अग्नि, पृथ्वी और जल जीवन के आधार माने गए हैं। इनमें से अगर जल ही नहीं रहेगा तो जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। जल का महत्व इस बात का भी परिचायक है कि दुनिया की बड़ी-बड़ी सभ्यताएँ और प्राचीन नगर नदियों के किनारे ही बसे और फले-फूले। लेकिन, आज विकास की अंधी दौड़ और विलासिता भरी जिंदगी में प्राकृतिक संसाधनों का तो जैसे कोई मोल ही नहीं रहा। यही वजह है कि जल-जंगल-जमीन सहित पशु-पक्षी-पहाड़-नदियाँ-समुद्र-हवा खतरे में हैं। आज अधिकांश प्राकृतिक संसाधन समाप्ति की कगार पर हैं, जिनमें से जल भी एक है।

पानी की जटिल समस्या को समझते हुए कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिले में नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान के तहत् जल जगार उत्सव की शुरूआत की हैं। इस अभियान के अंतर्गत जिले के चारों विकासखंडों के 5-5 गांवों में जल जगार उत्सव का आयोजन किया जा रहा है और आगामी दिनों में इस अभियान को सभी गांवों में आयोजित कर ग्रामीणों को जल संवर्धन एवं संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। इस दौरान गांवों में वर्षा के जल को संचय करने के लिए रैन वाटर हार्वेस्टिंग, रूफटॉप स्ट्रक्चर, वाटर और बोर रिचार्ज स्ट्रक्चर स्थापित किये जायेंगे। कलेक्टर गांधी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सरकारी भवनों, परिसरों सहित उद्योगों, निजी अस्पताल, स्कूलों, रेस्टोरेंट, होटल सहित अन्य स्थानों पर रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाये।

इसके अलावा कलेक्टर ने सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों सहित अन्य संगठनों से सहभागिता निभाने का आग्रह किया है, जिससे इस पुनीत कार्य में सहयोग मिल रहा है। नतीजन भारतीय जैन संघटना द्वारा कुरूद ब्लॉक के ग्राम मड़ेली तथा जी जामगांव में तालाबों को पुनर्जीवित कर जल संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। साथ ही तालाबों से निकली मिट्टी को खेतों की उर्वरक क्षमता बढ़ाने के लिए खेतों में डाला जा रहा है।

इससे किसानों सहित आमजनों को सीधा-सीधा लाभ पहुंचेगा। बताया गया है कि भारतीय जैन संघटना शाखा धमतरी द्वारा जल निकायों का पुनरूद्धार के तहत ग्राम पंचायत जी जामगांव के उल्लाही खार तालाब में 14 मई से 28 मई तक कार्य किया गया। इसमें 2 जेसीबी लगाया गया, जिसमें 1948 ट्रेक्टर मिट्टी निकाला गया।

# 40 हजार के एवज में 3.60 लाख, 2 लाख के बदले 12 लाख वसूले इरफान ने, दो और एफआईआर दर्ज

**हाल ही में कुसमुंडा पुलिस ने एक मामले में भेजा है जेल**

कोरबा । आरएनएस




अवैध रूप से सूदखोरी का काम करने वाले इरफान कुरैशी उर्फ मोनू के विरुद्ध कुसमुंडा थाना में दर्ज कर्जा एक्ट और भयादोहन के मामले में अपराध दर्ज है। इस मामले में वह और एक सहयोगी जेल भेज चुके हैं। पहला मामला दर्ज होने के बाद उससे पीड़ित और लोग भी सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में कोतवाली में दो अलग-अलग मामले उसके विरुद्ध और दर्ज हुए हैं। इस तरह सूदखोरी का मकडज़ाल फैलाने वाला आखिरकार कानून के जाल में उलझ गया है। प्रार्थी विशाल दास महंत पिता स्व. अंजोर दास महंत उम्र 53 वर्ष निवासी नवागांव कला थाना दर्री, वर्तमान पता-सीएसईबी कलोनी ईस्ट एसएफ-688 थाना सिविल लाईन रामपुर ने बताया कि उससे वर्ष 2020 से वर्ष 2022 के मध्य इरफान उर्फ मोनू कुरैशी निवासी मुड़ापार के द्वारा 40,000 रूपये कर्ज देकर अधिक व्याज सहित कुल 3,60,000 रूपये वसूल कर भयादोहन किया है। उसके पिता का वर्ष 2020 में देहांत हो गया था जिसका काम-धाम करने के लिए 40,000 रूपये मोनू कुरैशी से तीन किश्त में लिया था। उसे अपना एसबीआई बैंक खाता का 3 कोरा चेक हस्ताक्षर कर और इसी खाता का एटीएम को बतौर सुरक्षा दिया था।उसका रकम वर्ष 2020 में वापस कर दिया किंतु मोनू कुरैशी के द्वारा 40,000 रूपये को 10 प्रतिशत ब्याज के आधार पर से भी प्रति माह के हिसाब से लगभग 2 वर्षों तक प्रतिमाह 10,000 लेता रहा व अब तक भयादोहन कर 3,60,000 रूपये लिया है,और एटीएम व एक चेक उसके पास है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# भोलेनाथ को 56 भोग की जरूरत नहीं मन कर्म सच्चे मन से एक लोटा जल चढ़ा दो- पं. प्रदीप मिश्रा

रायपुर । आरएनएस

अम्लेश्वर नगर में चल रहे शिव महापुराण के तीसरे दिवस कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा की शिव बिंदु है ज्योतिरबिंद के रूप में विराजमान है। इसी बिंदु में पूरा ब्रम्हांड समाया है जो श्रृष्टि की रक्षा करता है,पालन करता है संहार करता है। शिव पर केवल ह्रदय से समर्पण हो जाओ वह सब दे देंगे,भोलेनाथ को 56 भोग की जरूरत नहीं मन कर्म सच्चे मन से एक लोटा जल चढ़ा दो वे आपको छप्पन भोग खाने जैसे फल देगा, भक्तो के ह्रदय में भगवान भोले नाथ विराजते है।

मनुष्य का देह पाने के बाद भगवान को पहचान लिया तो वह शिव की उदारता है। कलयुग में किसी की रोटी बड़ी, छोटी हो सकती है, वाहन बड़े छोटे हो सकते है लोग अमीर गरीब हो सकते है।विचार अलग हो सकते है लेकिन भगवान शंभू का वात्सल्य सब के लिए समान है। कथा वाचक ने मां का उदाहरण देते हुए कहा की एक मां के चार पुत्र है वह मां सभी का लालन पालन एक समान करती है शिक्षा भी देती है पर उन चारों शिक्षा कितना ग्रहण करते है वह उनके विवेक पर निर्भर है।उसी तरह भोले नाथ भी अपनी करूणा उदारता सम्पूर्ण सृष्टि पर एक समान भाव से बहाते है।

पंडित मिश्रा ने कहा की किसी को कम मिला किसी को ज्यादा मिला तो वह हमारे पूर्व जन्म का कर्म फल है जिसमे महादेव का कोई दोष नहीं है दोष है तो हमारे कर्मो का आज जो कर्म करेंगे उसके अनुसार ही हमे फल मिलेगा।

उन्होंने पूर्ण समर्पण एवम अधूरा समर्पण को विस्तार से समझाते हुए कहा की अपने मेहनत से कमाई गई वस्तु भगवान भोले पर अर्पण करते हो तो वह पूर्ण समर्पण है। यदि पड़ोसी के घर तोड़े गए फुल, किसी के द्वारा लाया गया जल को आप चढ़ाते हो तो वह अधूरा समर्पण है। जिसका फल भोले नाथ नहीं देते। मिश्रा ने कहा की शंकर जी ने यदि भाग्य में लिख दिया है तो जरूर मिलेगा भाग्य से ज्यादा भी नहीं मिलेगा।

**जिसके भाग्य में लिखा था वही बना मुख्यमंत्री-** उन्होंने दिसम्बर में संपन्न छत्तीसगढ़,राजस्थान,मध्यप्रदेश के चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा की कौन बनेगा मुखमंत्री की चर्चा चल रही लोग अनेक लोगो का नाम ले रहे थे लेकिन मुख्यमंत्री वही बना जिसके ललाट में भोले नाथ ने लिख दिया था। शिव महापुराण की कथा कराने वाले बहुत है लेकिन अम्लेश्वर में महा पुराण उसी ने कराई जिसके मस्तक में भगवान ने लिख दिया , कथा वाचक ने पशुपति नाथ व्रत के नियम पालन के भी तरीके बताए।

**चिट्ठियों भी पढ़ी-** बिलासपुर जिले के कोटा के ग्राम लारीवार के निवासी पूर्णिमा पति राम भरोसा का 21 साल बाद संतान होने का उल्लेख करते हुए कह की बच्चे दानी में खराबी थी पर सच्चे मन से पशु पति नाथ का पूजन किया तो आज उनके गोद में एक बालक खेल रहा है।

रायपुर के मालती संतोष सिन्हा के 2019 दो बच्चे काल कलवित हो गए डाक्टरों ने असंभव बताया था कथा स्थल में जगह नही मिलने पर सडक़ में कथा सुनकर कथा स्थल की मिट्टी पेट में लगाई तो फिर से भगवान की कृपा से मां बन पाई।